टीडीआई ने तीन हाउसिंग प्रोजेक्ट का किया भूमि पूजन

नई दिल्ली (ब्यूरो)। उत्तरी भारत के सबसे बड़े डेवलपर्स टीडीआई ने हाल में शुरू किए गए तीन बड़े प्रोजेक्टों के भूमि पूजन का आयोजन किया। टीडीआई ने इस्पेनिया फ्लोर्स, इस्पेनिया हाइट व टस्केन रॉयल के नाम से तीन हाउसिंग परियोजना शुरू की है। इन तीनों प्रोजेक्ट में फ्लैट और ड्यूपलेक्स बनाए जाने हैं।

सोनीपत के कुंडली में आयोजित भूमि पूजन के दौरान टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रबंध निदेशक कमल तनेजा ने बताया कि इन नई परियोजनाओं के लिए ग्राहकों ने जबरदस्त प्रतिक्रिया दी है। इससे जाहिर होता है कि ग्राहकों का टीडीआई पर विश्वास बढ़ता जा रहा है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि समारोह के बाद परियोजनाओं का निर्माण तेजी से शुरू होगा और उम्मीद है कि तय समय में काम पूरा हो जाएगा।

तनेजा के मुताबिक तीनों नए प्रोजेक्टों की एंट्री राष्ट्रीय राजमार्ग-1 से है। खास बात यह है कि इनके समीप पांच हजार एकड़ भूमि में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी बस रही है, जो यहां के लोगों के लिए सबसे फायदेमंद होगा। कंपनी का दावा है कि कुंडली बहुत जल्द मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़ जाएगा, जिससे दिल्ली की दूरी मात्र 15 मिनट की रहेगी।